27/04/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों और इसकी साजिश रचने वालों को कठोरतम जवाब दिया जाएगा। आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने इस महीने की बाईस तारीख को पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आंतकी हमले के बाद पूरी दुनिया से संवेदनाएं आ रही हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक नेताओं में उन्हें फोन कर और पत्र लिखकर इस जघन्य आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। श्री मोदी ने कहा कि आंतकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई में पूरा विश्व एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के साथ खड़ा है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय मिलेगा।

0000000000000000000

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) ने गृह मंत्रालय के आदेश के बाद पहलगाम आतंकी हमले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। एनआईए की टीमें बुधवार से ही हमले की जगह पर डेरा डाले हुए हैं और उन्होंने सबूतों की तलाश तेज कर दी है। एनआईए ने अपने बयान में कहा है कि आईजी, डीआईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों की निगरानी में टीमें काम कर रही हैं। ये टीमें बैसरन वैली में हुए हमले को अपनी आंखों से देखने वाले चश्मदीदों से विस्तार से पूछताछ कर रही हैं, ताकि घटना के पूरे क्रम को समझा जा सके।

0000000000000000000

भारत 1 से 4 मई तक मुंबई में आयोजित होने वाले WAVES 2025 में भारत पेविलियन का अनावरण करेगा। यह पेविलियन देश की कहानी कहने की गहन विरासत और वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में इसके बढ़ते प्रभाव के लिए एक जीवंत श्रद्धांजलि है। "कला टू कोड" थीम पर आधारित यह पेविलियन भारत की वसुधैव कुटुम्बकम - दुनिया एक परिवार है - की भावना का जश्न मनाएगा और दिखाएगा कि कैसे देश की कलात्मक परंपराएँ लंबे समय से रचनात्मकता, सद्भाव और सांस्कृतिक कूटनीति का प्रतीक रही हैं।

0000000000000000000

सत्यजीत रे फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट, फिल्म एण्ड टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया सहित FTII पूर्वोत्तर परिसर जोते को आधिकारिक तौर पर UGC अधिनियम, उन्नीस सौ छप्पन के तहत डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में जानकारी साझा करते हुए, मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि यह माईलस्टोन दुनिया की प्रमुख अवसरों को खोलता है। श्री खांडू ने यह भी बताया कि ये संस्थान अब UGC-मान्यता प्राप्त डिग्री राष्ट्रीय और वैश्विक विश्वविद्यालयों के साथ क्रेडिट ट्रांसफर और एक्सचेंज, उच्च शिक्षा, शैक्षणिक पदों, ऋण और सब्सिडी के लिए पात्र छात्रों को प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि NEP दो हजार बीस पर आधारित UG कार्यक्रम जोते परिसर से शुरू होंगे।

000000000000000000000

वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की एक संयुक्त टीम ने उन्नीस से छब्बीस अप्रैल तक गोरी-चेन पर्वत श्रृंखला में खांगरी ग्लेशियर पर विस्तृत ग्लेशियो-हाइड्रोलॉजिकल अध्ययन किया। अरुणाचल प्रदेश सरकार के पृथ्वी विज्ञान और हिमालय अध्ययन केंद्र ने राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र, गोवा, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी के साथ मिलकर गोरी-चेन पर्वत क्षेत्र में खांगरी ग्लेशियर के लिए तीसरे उच्च-ऊंचाई अभियान के हिस्से के रूप में अध्ययन किया। संयुक्त टीम में NCPOR और CISHS के चार-चार वैज्ञानिक और इंजीनियर और आईआईटी गुवाहाटी के एक विशेषज्ञ शामिल थे - जिन्होंने ग्लेशियर के स्वास्थ्य और जल संबंधित संसाधनों को समझने के उद्देश्य से यह अध्ययन किया।

0000000000000000000000

मौसम विभाग ने राज्य के 18 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। आईएमडी ने अगले 24 घंटों में अलग-अलग स्थानों पर गरज के साथ बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है। इसके अलावा, कल बारिश की गतिविधि में वृद्धि की भविष्यवाणी की गई है।

0000000000000000

आज नाहरलागुन में सुश्री सुबी ताबा द्वारा लिखित "टेल्स फ्रॉम द डाउनलिट माउंटेन्स" का पुस्तक वाचन और पुस्तक हस्ताक्षर समारोह आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम डीन डीन क्लब की त्रैमासिक बैठक द्वारा आयोजित किया गया, जो साहित्य प्रेमियों और पुस्तक प्रेमियों का एक क्लब है।

0000000000000000

रोंगाली बिहू सम्मेलन दो हजार पच्चीस कल ईटानगर के डीके स्टेट कन्वेंशन सेंटर में मनाया गया। इस सम्मेलन में शहरी विकास, आवास और भूमि प्रबंधन मंत्री बालो राजा और असम गोहपुर के विधायक उत्पल बोरा ने भाग लिया। विधायक श्री बोरा ने अपने संबोधन में असम और अरुणाचल प्रदेश के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक समूहों की भागीदारी देखी गई और शहर भर से बड़ी संख्या में बिहू उत्साही लोग एकत्रित हुए।

0000000000000000000